हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 24 जनवरी 2026

12 जेलेभर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया बसंत पंचमी का त्योहार

12 मांगों को लेकर फतेहाबाद में बिजली कर्मियों ने की भूख हड़ताल

खबर संक्षेप

गेहूं चोरी मामले में दो युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। गेहूं चोरी के एक मामले में थाना जाखल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। काबू किए गए आरोपियों की पहचान लेखराज पुत्र बलविंदर तथा अजय पुत्र लाली निवासी बाजीगर बस्ती जाखल के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि 22 जनवरी को थाना जाखल में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता नायब राम पुत्र जोगिंद्र राम निवासी बाजीगर बस्ती जाखल ने बताया कि 21 जनवरी की रात को अज्ञात चोर उसके घर में बनी गेहूं की टंकी से लगभग 5 क्विंटल गेहूं चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर थाना जाखल में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मारपीट के मामले में तीन युवक दबोचे

सिरसा। शहर के गुरू तेगबहादुर नगर में लड़ाई-झगड़ा करने के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है । शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि गुरू तेगबहादुर नगर निवासी जसवंत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लोहड़ी के पर्व को मनाने के लिए उसके घर पर रिश्तेदार आए हुए थे। बीती 10 जनवरी को शाम करीब 6 बजे उनके पड़ोस में रहने वाले शालू व दो अन्य लडक़ों ने उनके घर में घुसकर उनके रिश्तेदारों के साथ लड़ाई-झगड़ा करके तेजधार हथियारों से चोटें मार कर मौका से फरार हो गए। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरु की गई थी।

फतेहाबाद में फसलों पर संजीवनी बनी सीजन की पहली बरसात

पाले और सूखी ठंड से मिली निजात, फसलों को मिली जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पश्चिम विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से वीरवार रात को फतेहाबाद में बादलों की गडग़ड़ाहट के बीच सीजन की पहली बरसात हुई। बरसात से अब तक पड़ रही सूखी ठंड से लोगों को राहत मिली। बरसात के बाद न्यूनतम तापमान में भी हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री व अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले दिनों पाला पड़ने के बाद खराब हो रही फसलों के लिए यह बरसात वरदान मानी जा रही है। किसानों ने भी बरसात के बाद राहत की सांस ली है। राजस्व विभाग के अनुसार जिले में औसत 18 एमएम बरसात दर्ज की गई है। नवम्बर, दिसम्बर के बाद जनवरी मास बीतने को है। दिसम्बर का माह अब तक का सबसे गर्म माह रहा था। इसके बावजूद अभी तक बरसात नहीं हो पाई थी। इस कारण फसलों को नुकसान हो रहा था। पिछले एक सप्ताह से पाले ने भी किसानों की कमर तोड़ दी थी। आलू, अमरूद, टमाटर, सरसों के साथ चने की फसल में काफी नुकसान हो रहा था। गेहूं की फसल धुंध पड़ने से बची हुई है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि जनवरी के शुरू में बरसात होती तो गेहूं का बम्पर उत्पादन होता। सब्जी की फसलों में 30 फीसदी नुकसान बताया गया है, जिससे सब्जी के दाम डेढ गुणा तक बढ़ गए हैं। बीती शाम पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल छा गए। रात 12 बजे बादलों की गडग़ड़हाट के बीच बारिश की तेज बौछारे गिरने लगी। सुबह शुक्रवर 8 बजे भी क्षेत्र में बारिश हुई और उसके बाद आसमान में बादल छाये रहे। दोपहर 12 बजे के बाद तेज धूप भी निकली। बरसात के बाद तापमान लगभग 4 डिग्री न्यूनतम दर्ज किया गया और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आस पास रहा।

फतेहाबाद। बरसात के बाद खेतों में लहलहाती गेहूं की फसल तथा रतिया शहर की सडक़ों पर जमा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

25 जनवरी तक बारिश की संभावना

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, 25 जनवरी तक प्रदेश में बारिश की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण कई जिलों में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। अगले 48 घंटों तक तेज बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। 24 जनवरी की रात से एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ के आने की भी आशंका है, जिससे 25 जनवरी से अधिकतर जिलों में बारिश की संभावना बन रहेगी। हांलाकि इससे रात का तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और दिन के तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। 25 जनवरी को भी एक पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से 26 जनवरी को प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रो में बादलवाही छाई रहेगी, परंतु 27 व 28 जनवरी को उत्तरी हरियाणा के जिलों में कहीं-कहीं हलकी और मध्यम बारिश हो सकती है। दक्षिणी व पश्चिमी जिलों में बूंदाबांदी की संभावना है।

जिले में हुई बरसात

फतेहाबाद :	12 एमएम
रतिया :	13 एमएम
टोहाना :	11 एमएम
भूना :	15 एमएम
भट्टू :	11 एमएम
जाखल :	25 एमएम
कुलां :	17 एमएम

रतिया में बरसात से बदला मौसम

रतिया। क्षेत्र में बीती रात मौसम के करवट बदलने से रात भर रुकरुक कर बरसात होती रही। बरसात से जहां जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा वही बरसात से फसलों को फायदा होगा। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे तक धूप खिलने से लोगों को बड़ी राहत मिली। दिनेश कुमार, अजय, अशोक, बूटा सिंह, मेजर सिंह, प्रदीप, मनोज आदि ने बताया कि वीरवार शाम से ही मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा था। बीती रात्रि तेज हवाओं व गर्जना के साथ रुकरुक कर बरसात होती रही। बरसात का दौर शुक्रवार सुबह तक जारी रहा। बरसात से शहर की मुख्य सडक टोहाना रोड, फतेहाबाद रोड, शहीद भगत सिंह चौक सहित अनेक क्षेत्रों में सडक़ों व गलियों में बरसात पानी जमा हो गया।

कई गांवों में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

चोपटा। राजस्थान की सीमा से सटे पैंतालिसा क्षेत्र में हुई बारिश व ओलावृष्टि सरसों व गेहूं की फसल को नुकसान होने का अनुमान है। गांव कागदाना, कुम्हारिया सहित कई गांवों में ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों, चने की फसल में नुकसान से किसानों की चिंता बढ़ गई है। राजस्थान की सीमा से लगते कुम्हारिया, खेड़ी, गुसाईयाना, कागदाना, चाहरवाला, जोगीवाला, रामपुरा, गिगोरानी, शाह्पुरिया, शक्कर मंदोरी, रुपाणा, नहराना, जसानिया सहि कई गांवों में वीरवार रात को बारिश हुई।

रजाई-गद्दों के गोदाम में लगी भीषण आग

- डेरा श्रद्धालुओं ने दिखाई बहादुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के प्रीत नगर गली नंबर 7 में स्थित एक मकान के अंदर बने रजाई, गद्दों व सिरहाने के गोदाम में बीती शाम अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे इलाके में हडक़ंप मच गया और लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं। इसके साथ ही आस-पड़ोस के लोग और डेरा सच्चा सौदा की शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादार आग बुझाने में जुट गए।

सिरसा। गोदाम में लगी आग के बाद जला हुआ सामान बाहर निकालते डेरा सच्चा सौदा के सेवादार। फोटो : हरिभूमि

गोदाम में बड़ी मात्रा में कॉटन होने के कारण आग को काबू में करना मुश्किल हो गया और शाम करीब 6 बजे आग दोबारा भडक़ उठी। इसके बाद डेरा सच्चा सौदा से जुड़े दर्जनों शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादार तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने अधजली कॉटन, फर्नीचर, बर्तन व अन्य सामान को बाहर निकाला।

नशीली गोलियों व कैप्सूलों का जखीरा बरामद, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने मेडिकल नशा तस्करी पर प्रहार करते हुए सिरसा जिले के कालांवाली क्षेत्र से नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियों व कैप्सूलों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर किया है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मनप्रीत व हरदीप अवैध रूप से नशे में प्रयुक्त होने वाले कैप्सूलों की तस्करी करते हैं। पुलिस ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए कालांवाली में एक मकान में दबिश देकर नशे में प्रयुक्त होने वाले 7200 कैप्सूल बरामद किए। मौके से मनप्रीत सिंह व हरदीप सिंह को काबू किया गया है। बरामद कैप्सूलों को ड्रग विभाग को सौंप दिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने गांव चौटाला क्षेत्र से 1025 गोलियां व कैप्सूल बरामद किए हैं जो कि नशे में प्रयुक्त होते हैं। चौटाला पुलिस चौकी प्रभारी सतपाल ने बताया कि पकड़े गए युवकों की पहचान सतपाल व कालू के रूप में हुई है।

सिरसा। नशीली गोलियों के साथ पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

खेलो इंडिया विंटर गेम्स, फतेहाबाद के कपिश ने बर्फ पर बिखेरा जलवा

फतेहाबाद। लेह-लद्दाख के बर्फीले मैदानों में आयोजित 6वीं विंटर खेलो इंडिया राष्ट्रीय आइस फिगर प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाडिय़ों ने अपना परचम लहराया है।

- लेह में आयोजित हुए गेम्स

21 से 26 जनवरी तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में फतेहाबाद के कपिश कौशिक ने सिल्वर मेडल जीतकर जिले और प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया है। फतेहाबाद जिले के एकमात्र प्रतिनिधि कपिश कौशिक ने आइस स्केटिंग फिगर इवेंट की 'नोविस कैटेगरी' में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

फतेहाबाद। खेलो इंडिया विंटर गेम्स में विजेता हरियाणा के खिलाड़ी।

हरियाणा ने जीते कुल 5 पदक

लेह में आयोजित खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 में हरियाणा की टीम ने कुल 5 पदक जीतकर अपनी धाक जमाई है। हरियाणा के खिलाडिय़ों ने 2 स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ एक रजत पदक और दो कांस्य पदक अपने नाम किए।

महिला का शव बरामद, गला दबाकर हत्या की आशंका जांच में जुटी पुलिस

फतेहाबाद। शहर के रतिया रोड पर शुक्रवार अलसुबह एक महिला का शव बरामद हुआ है। महिला के शव मिलने की जानकारी मिलते ही थाना शहर फतेहाबाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है। मृतक महिला के गले पर निशान बने हुए हैं, ऐसे में आशंका व्यक्त की जा रही है कि महिला की किसी ने गला दबाकर हत्या की है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों की जानकारी मिल पाएगी। मिली जानकारी के अनुसार जिले के शहर शहर की शिमलापुरी निवासी महिला संदीप कौर की अपने पति से अनबन चल रही थी। इस कारण वह अपनी मां के पास रतिया की शिमलापुरी कॉलोनी में रह रही थी। महिला अक्सर काम के सिलसिले में बाहर भी चली जाती थी। वह गुरुवार रात को भी घर से बाहर गई हुई थी। इसी बीच पुलिस को शुक्रवार अलसुबह महिला की डेडबॉडी की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसके बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद परिजनों को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही महिला के परिजन फतेहाबाद पहुंचे। इस मामले में गुरुनानकपुरा पुलिस चौकी के इंचार्ज रमेश कुमार ने बताया कि महिला का शव सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाया हुआ है। परिजनों के बयान लेकर कागजी कार्रवाई पूरी करके पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

मातृभूमि गाने के टीजर में दिखी गलवां घाटी की झलक

मुंबई। सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर काफी पहले रिलीज हो चुका है। शुक्रवार को भाईजान ने अपनी फिल्म के पहले गाने 'मातृभूमि' से जुड़ा एक टीजर साझा किया। सलमान खान ने अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के पहले गाने 'मातृभूमि'का जो टीजर शेयर किया है, उसकी शुरुआत में बैगुल की आवाज सुनाई देती है। आगे गलवां घाटी और भारत का झड़ा नजर आता है। यह टीजर 15 सेकेंड का है। 'मातृभूमि' गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। समीर अंजान ने इस गाने को लिखा है। अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने इसे गाया है।

लाइफ Style

मेधा

लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत

'बॉर्डर 2' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही अभिनेत्री मेधा राणा सुर्खियों में आ गई थे। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही थे। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई थे। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थे। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते थे। 'बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज 'लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फ्राइडे नाइट प्लान' में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई थे। अब 'बॉर्डर 2' जैसी बड़ी फिल्म में नजर आने के बाद मेधा के करियर को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।25 दिसंबर 1999 को जन्मी मेधा एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जिसका सार्वजनिक क्षेत्र से गहरा संबंध था। उनके पिता सुनील राणा सरकारी कर्मचारी थे। उनकी मां ऋतु राणा ने स्किल्स एकेडमी शख्सियत की सह-स्थापना की है और उनकी एक बहन हैं, जिनका नाम प्रियंका राणा है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है।

हॉलीवुड मसाला

वन बैटल में दिखा गजब का एक्शन-थ्रिल

लॉस एंजिल्स। लियोनार्डो डिकैप्रियो की हॉलीवुड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में बस एक पिता का संघर्ष नहीं है, इस कहानी के जरिए अमेरिका के 60 और 80 के दशक को दिखाया गया है। कैसे उस दौर में अमेरिका बदल रहा था, कैसे अन्याय अपने चरम पर था। इस फिल्म में उस दौर की कई सामाजिक बुराइयों को भी दिखाया गया है। पॉल थॉमस एंडरसन निर्देशित इस फिल्म में गजब का एक्शन, थ्रिल देखने को मिला है। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें कई वास्तविक क्रांतिकारी समूहों से प्रेरणा ली गई है।

सिनर्स ने बॉक्स ऑफिस पर वसूले थे 3255 करोड़

लॉस एंजिल्स। सिनर्स फिल्म पिछले साल नॉर्थ अमेरिका में सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म ने वहां 280 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि विदेशों में 88 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस तरीके से इस फिल्म का कुल वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 368 मिलियन डॉलर (3255 करोड़) पहुंच गया है। जबकि फिल्म का बजट केवल 90–100 मिलियन डॉलर है। भारत में फिल्म की कमाई 12 करोड़ हुई थी। अगर आप ओटीटी प्लेटफार्म पर सिनर्स फिल्म को देखना चाहते हैं, तो आप जियो हॉटस्टार पर इस फिल्म को स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, फिल्म हिंदी भाषा में मौजूद नहीं है। लेकिन, सबटाइटल के साथ फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इस फिल्म में माइकल बी. जॉर्डन लीड रोल में हैं।

काले चश्मे में खूब जचीं करीना...

मुंबई। करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई थे। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसी बीच करीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट में कैजुअल लुक में नजर आईं। करीना कपूर खान शुक्रवार को सुबह जब मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो पैपराजी ने जमकर फोटो क्लिक की। इस दौरान ब्लू जींस और रेड स्वेटशर्ट में करीना बेहद स्टाइलिश नजर आईं। इस लुक को करीना ने अपने ब्लैक सनग्लासेस से इनहैंस किया है। करीना के फैंस ने उनके इस लुक पर लाल दिल वाले और फायर इमोजी शेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन हैं बेबो', एक दूसरे फैन ने पूछा, 'कब रिलीज हो रही है आपकी फिल्म 'दायरा।'

बेटे को वर्दी में देख भावुक हो गए सुनील...

मुंबई। साल 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' के सीक्वल नें बेटे अहान शेट्टी के काम को देखकर सुनील शेट्टी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। उन्होंने 29 साल पहले जेपी दत्ता की मूवी में काम किया था। लेकिन, उनके किरदार की मौत हो गई थी, जिससे वह इस बार इसका हिस्सा नहीं बन सके। मगर लाडले के लिए उन्होंने भावुक पोस्ट किया है और मन की भावनाओं को खुलकर जाहिर किया है। एक्टर ने लिखा, मेरे बेटे, आज मैं तुमको बताता हूं कि मेरे लिए बॉर्डर एक फिल्म नहीं थी, जिसमें मैंने काम किया। ये एक जिम्मेदारी बन गई थी, जो मैंने कैमरा के बंद होने के बाद भी निभाई। सालों बाद, तुमको वर्दी पहने देखने से ये बात साबित होती है कि ये सिर्फ नॉस्टैल्जिया नहीं है, बल्कि एक रिमाइंडर है। अनुशासन का, बलिदान का, मौन का और साहस का।'

टीवी मसाला

एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता : पार्थ

नई दिल्ली। कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है, हालांकि उसका तरीका थोड़ा अलग है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें और शो को जो प्यार मिल रहा है, उससे वह बहुत खुश हैं। शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो, सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने 12 साल पहले एक्टिंग को करियर के रूप में चुना और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर एक्टर नहीं होते तो? इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि, उन्होंने मजाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मैं अक्सर मजाक में आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर'कहता था। उन्होंने बताया कि आर्किटेक्चर की पढ़ाई और शुरुआती साल काफी मेहनत भरे होते हैं। इसी वजह से वह अपने फैंस के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने उन्हें बतौर एक्टर इतना प्यार दिया।



लाफ्टर शेफ्स 3 में हुई नई एंट्री

नई दिल्ली। कुकिंग का कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। इस शो में 7 जोड़ियां यानी 14 कंटेस्टेंट्स हैं, जिनमें से अब 5 कंटेस्टेंट्स आपको 31 जनवरी के एपिसोड में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने अपनी किसी न किसी वजह से इस शो को बीच में अलविदा कह दिया है और उसकी जगह सावन ने ले ली है। जिसके बारे में होस्ट भारती सिंह ने बताया है। 'लाफ्टर शेफ्स 3' का फाइनल फेस ऑफ 24 जनवरी और 25 जनवरी को टेलीकास्ट होगा। जिसमें से टीम छूरी या फिर टीम कांटा में से कोई एक जीतेगा और उसे चमचमाती ट्रॉफी मिलेगी। इसके बाद 31 जनवरी को प्रसारित होने वाले एपिसोड में पांच पुराने सदस्यों को नए सदस्य रिप्लेस करेंगे और शो फिर से दिलचस्प हो जाएगा। ईशा मालवीय, ईशा सिंह, देबिना बनर्जी, विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी ने 'लाफ्टर शेफ्स 3' को छोड़ दिया है। अब उनकी जगह सावन यानी सुदेश लहरी, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अर्जुन बिजलानी और निया शर्मा दिखाई देंगे। एल्विश यादव के पार्टनर अर्जुन बनेंगे और बाकी चारों जोड़ियो में पुराने सीजन की यादें ताजा करेंगे। इनके आने से फैंस भी बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। शो को छोड़ने वाले पांचों कंटेस्टेंट्स की बात करें तो वो सभी उतने मिलनसार नहीं थे, जितने बाकी सब रहे। उन्होंने न तो ज्यादा स्टार्स जीते और न ही दर्शकों का उतना मनोरंजन किया, जिससे उनके जाने से किसी को फर्क पड़े।

सिनेमाघरों में कपड़े उतार कर नाचे फैंस

अजित कुमार को कोल्ड ड्रिंक से नहलाया

मुंबई। शुक्रवार को सिनेमाघरों में साउथ के अभिनेता अजित कुमार की एक फिल्म दोबारा रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस जश्न मना रहे थे। साउथ के अभिनेता और रेसर अजित कुमार की बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते थे। ऐसे में अभिनेता की साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'मनकथा' 23 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। फैंस अजित की फिल्म देखकर सिनेमाघरों में डांस करते, सीटी बजाते और चीखते नजर आए। अजित कुमार के फैंस जब सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने पहुंचे तो उन्होंने अजित कुमार के पोस्टर पर दूध और कोल्ड ड्रिंक डाला। कई फैंस थिएटर के अंदर कॉन्फेटी उड़ाते हुए नजर आए। डायरेक्टर अधिक रविचंद्रन, जिन्होंने अजित की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन किया है, वह एक्टर के मैनेजर सुरेश चंद्र के साथ कमला सिनेमाज गए, ताकि फैंस के साथ 'मनकथा' की री-रिलीज का जश्न मना सकें। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस स्क्रीन के पास फिल्म के गानों पर नाचते हुए दिख रहे थे। सिर्फ तमिलनाडु में ही नहीं, केरल में भी फैंस को फिल्म की री-रिलीज का जश्न मनाते हुए देखा गया। आपको बता दें कि 'मनकथा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसे वेंकट प्रभु ने लिखा और इसका निर्देशन किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में अजित कुमार, अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन, लक्ष्मी राय, अंजलि और जयप्रकाश थे। इसके गाने आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा थे। आखिरी बार अजित कुमार फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 2025 में नजर आए थे। उन्होंने रेसिंग कमिटमेंट्स की वजह से काम से ब्रेक लिया था।

बॉर्डर 2 का दर्शकों पर चला जादू सनी के अभिनय का दिखा दम

मुंबई। सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' पर नेटिजन्स के शुरुआती रिएक्शन देखकर साफ है कि इस फिल्म का जादू उन पर चल गया है। दर्शक पुरानी यादों में खो गए थे। कुछ दर्शक इसे 'बॉर्डर' से भी बढ़कर बता रहे थे। दर्शक इसे रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्म बता रहे हैं और लिख रहे हैं कि इसे देखकर आंखें नम हो जाएंगी। सनी देओल के अभिनय का दम दिखा है। एक यूजर ने लिखा है, 'इस फिल्म को परिवार के साथ जरूर देखा जाना चाहिए। यह फिल्म देखते हुए थिएटर मानो किसी स्टेडियम में बदल जाता है। डायलॉग इतने दमदार हैं कि लोग सीटी बजाते हैं और तालियां गूंजती हैं'। फिल्म 'बॉर्डर 2' में सिर्फ सनी देओल ही नहीं, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत ने भी कमाल का काम किया है। एक यूजर ने लिखा है, 'सनी देओल ने पर्दे पर आग लगा दी। वरुण धवन भी सरप्राइज करते थे। उनकी एक्टिंग देखकर ट्रोल करने वालों की बोलती बंद हो जाएगी। फिल्म का क्लाइमैक्स जबर्दस्त है'। यूजर कह रहे हैं कि फिल्म 'बॉर्डर 2', साल 1997 की 'बॉर्डर' को शानदार ट्रिब्यूट है। इमोशंस इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं, बस पहली वाली फिल्म से इसकी तुलना मत करिएगा। वहीं, एक यूजर ने लिखा है कि इस फिल्म में 'बॉर्डर 2' की विरासत को बहुत शानदार तरीके से संभाला गया है। फिल्म की कहानी, सितारों के अभिनय के अलावा फिल्म का संगीत भी दर्शकों को पसंद आया है। 'मिट्टी के बेटे' सॉन्ग दर्शकों को सबसे दमदार लगा है। हालांकि, यह भावुक भी करता है। फिल्म देखकर लौटे दर्शक हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाहर निकल रहे थे। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होगी।

गुंजन सक्सेना से लेकर नीरजा तक में दिखा नारी शक्ति का साहस

कई फिल्मों में नजर आया देशभक्ति का जज्बा

नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं, जिनमें देशभक्ति का जज्बा, अपने देश के लिए बलिदान की कहानी दिखाई गई है। ऐसी कुछ महिला प्रधान फिल्में भी बड़े पर्दे पर देखने को मिली हैं। यह फिल्में दिखाती हैं कि कैसे नारीशक्ति अपने देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती है। यह फिल्में आम महिलाओं को भी प्रेरित करती हैं। देश के लिए बलिदान देने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल रहे हैं। यह देश गणतंत्र बन सका, इसमें भी दोनों की भागीदारी बराबर रही। सिनेमा के पर्दे पर भी ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिसमें नारी शक्ति ने बलिदान, साहस की मिसाल पेश किए। देशभक्ति का जज्बा ऐसी फिल्मों में नजर आया।

गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल

साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल'में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। इस सपने को पूरा करने में उसे अपने पिता (पंकज त्रिपाठी) का साथ मिलता है। असल गुंजन सक्सेना ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। वह कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला एयरफोर्स ऑफिसर थीं। गुंजन 900 से ज्यादा घायल सैनिकों को कारगिल क्षेत्र से निकालने वाले ऑपरेशन का हिस्सा रही थीं।

तेजस : साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने एक इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका किरदार एक भारतीय जासूस को रेसक्यू करता है। फिल्म 'तेजस' को सर्वेश मेवड़ा ने लिखा और निर्देशित किया था।

परमाणु: द स्टोरी ऑफ पोखरन

2018 में आई फिल्म 'परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरन' में डायना पेंटी ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की कैप्टन अंबालिका बंद्योपाध्याय नाम का एक फिक्शन किरदार निभाया था। इस फिल्म मे वो एक सख्त इंटेलीजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आईं। वह पोखरन में हुए परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

राजी : आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'राजी'साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई। फिल्म में आलिया भट्ट ने सहमत नाम की भारतीय जासूस का किरदार निभाया था। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब 'कॉलिंग सहमत' पर आधारित थी। सहमत जासूरी मिशन पर पाकिस्तान जाती है। पाकिस्तान के एक आर्मी ऑफिसर फैमिली की बहू बनती है। यहां रहकर वह हिंदुस्तान के लिए जरूरी जानकारी जुटाती हैं। देश तक वह जानकारी पहुंचाती है। यह फिल्म एक महिला के अपने देश के लिए असीम प्यार को दिखती है।

आर्टिकल 370

दो साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने एनआईए एजेंट जूनी हक्सर का किरदार निभाया था। यह फिल्म फिल्म सत्य घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इस फिल्म के अलावा 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' में भी यामी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी जैस्मिन अल्मेड़ा का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल लीड रोल में थे लेकिन यामी का किरदार भी काफी अहम था।

नीरजा भनोट

2016 में रिलीज हुई फिल्म 'नीरजा' में सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। राम माधवानी निर्देशित इस फिल्म की कहानी एयर होस्टेस नीरजा भनोट की पर थी। नीरजा ने 1986 में हाईजैक हुए प्लेन में फंसे यात्रियों की जान बचाई। इस प्लेन में मौजूद 379 लोगों में से 359 बच गए थे। लेकिन आतंकवादियों का सामना करते हुए नीरजा ने अपनी जान गंवा दी थी।

खबर संक्षेप

वृद्धावस्था पेंशन को आमदनी से जोड़ना गलत

टोहाना। हरियाणा में वृद्धावस्था पेंशन को आमदनी से जोडऩे के भाजपा सरकार के फैसले पर पूर्व विधायक सरदार निशान सिंह ने एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला भाजपा की गरीब-विरोधी और बुजुर्ग-विरोधी सोच को उजागर करता है और इससे बुढ़ापा पेंशन के मूल उद्देश्य को ही खत्म कर दिया गया है। निशान सिंह ने कहा कि जब प्रदेश में बुढ़ापा पेंशन की शुरुआत हुई थी, तब इसका स्पष्ट और एकमात्र आधार बुजुर्ग की उम्र था।

लाखों की हेरोइन और अफीम की खेती पकड़ी

डबवाली। पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लाखों रुपये की हेरोइन व अफीम के हरे पौधों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार तस्करों से 28 ग्राम हेरोइन व डेढ़ किलोग्राम अफीम के हरे पौधे भी बरामद किए गए हैं। डबवाली एएनसी प्रभारी रणजोध सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गांव मसीता निवासी संदीप नशा तस्करी का काम करता है और आज भी नशा तस्करी की फिराक में गांव में घूम रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर गांव मसीता में नाकाबंदी कर जांच शुरू कर दी।

जरूरतमंद कन्याओं का करवाया विवाह

टोहाना। शहर के प्राचीन माता महाकाली मंदिर सेवा समिति द्वारा जरूरतमंद और अनाथ कन्याओं के विवाह का नेक कार्य किया गया। समिति पिछले कई वर्षों से लगातार गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह मंदिर परिसर में आयोजित कर रही है, जिसमें कन्यादान की रस्म के साथ विवाह संपन्न कराया जाता है। समिति के प्रधान योगेश शर्मा के नेतृत्व में मंदिर प्रांगण में अनाथ या बेहद जरूरतमंद बेटियों की शादी धूमधाम से की जाती है। समिति द्वारा पिछले 13 वर्षों से भी अधिक समय से यह सेवा जारी है, जिसमें 78 से अधिक कन्याओं का विवाह किया जा चुका है।

नेताजी की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाया

फतेहाबाद। मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज बहबलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महान स्वतन्त्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जंयती के अवसर पर पराक्रम दिवस का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को नेताजी के जीवन पर आधरित फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम का उदेश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, साहस और राष्ट्र सेवा की भावना को जागृत करना था। एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा भाषण, विचार गोष्ठी एवं देशभक्ति नारों के माध्यम से नेताजी के आदर्शों को प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय की डायरेक्टर अमनदीप कौर ने कहा कि नेताजी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

होटल संचालकों को निर्देश दिए कि किसी भी व्यक्ति को बिना वैध पहचान पत्र के कमरा न दिया जाए

गणतंत्र दिवस को लेकर अलर्ट, खुफिया और सतर्कता विभाग ने होटल-धर्मशालाओं में चलाया चेकिंग अभियान

शक होने पर तुरंत सूचना पुलिस को दें

रतिया। होटलों में चैकिंग करते खुफिया विभाग के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज. रतिया।

गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए खुफिया विभाग और सतर्कता विभाग पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। शुक्रवार को सुरक्षा की दृष्टि से संयुक्त टीम द्वारा शहर के विभिन्न होटलों और धर्मशालाओं में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान टीम ने होटलों और धर्मशालाओं में ठहरे हुए यात्रियों के आईडी प्रूफ और रजिस्टर में दर्ज उनके विवरण की बारीकी से जांच की। खुफिया विभाग के इंचार्ज अमरजीत सिंह व नाजर सिंह और सतर्कता विभाग के देवराज व कमल ने बताया कि आगामी 26 जनवरी को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने होटल और धर्मशाला संचालकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को बिना वैध पहचान पत्र के कमरा न दिया जाए। ठहरने वाले हर व्यक्ति का पूरा रिकॉर्ड और मोबाइल नंबर रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज हो। यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नजर आए या उसकी गतिविधियों पर शक हो, तो बिना देरी किए तुरंत स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दें। विभाग का कहना है कि शहर की शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल

सिरसा। गणतंत्र दिवस को लेकर रिहर्सल करते विद्यार्थी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया पूर्वाभ्यास

सिरसा। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सिरसा के शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम में धूमधाम से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर शुक्रवार को स्टेडियम में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने परेड, मार्च पास्ट, पीटी व डंबल शो सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया। पुलिस टुकड़ी का नेतृत्व प्रशिक्षु आईपीएस शिवम ने किया। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं ने प्रतिभागियों द्वारा किए गए पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करते हुए टीम इंचार्ज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागी आगामी 26 जनवरी को बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे जिसकी झलक अब पूर्वाभ्यास में देखने को मिल रही है। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन गरिमामयी ढंग से होगा। गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आगामी 24 जनवरी को आयोजित होगी जिसमें सभी कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत सहित प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद होंगे। आगामी 26 जनवरी को आयोजित समारोहों में वीर स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व सामाजिक संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह में विपुल गोयल, कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार मुख्यातिथि होंगे। डबवाली में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में एसडीएम डबवाली अर्पित संगल, ऐलनाबाद में प्रवीण पोपली मेयर हिसार तथा कालांवाली उपमंडल में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में सोनू सिहाग चेयरमैन जिला परिषद हिसार बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। मुख्यातिथि 9:58 मिनट पर समारोह में ध्वज फहरा कर परेड का निरीक्षण करेंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इससे पहले मुख्यातिथि स्थानीय लघु सचिवालय स्थित शहीद स्मारक व स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पर पहुंच कर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करेंगे। रिहर्सल कार्यक्रम में प्रिंसिपल मंजू पुनिया, दलजीत सिंह, मीना भाटिया, अमनदीप कौर, सुखदेव सिंह, विक्रम मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस पर लगेगा रक्तदान शिविर

टोहाना। भारत विकास परिषद द्वारा जिला रेड क्रॉस सोसाइटी एवं टोहाना प्रशासन के सहयोग से 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर लघु सचिवालय के प्रांगण में प्रातः 10 बजे से लगाया जाएगा। परिषद के संरक्षक अनूप कुमार ने बताया कि इस पावन पर्व पर किया गया रक्तदान देश के महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगा। भारत विकास परिषद गत 25 वर्षों से लगातार रक्तदान शिविरों का आयोजन कर रही है। परिषद द्वारा प्रशासन के सहयोग से प्रति वर्ष दो बार गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय पर्व पर लगने वाले इस शिविर में अधिकारियों, पुलिस कर्मियों, विभिन्न सरकारी कर्मियों, अध्यापकों, छात्रों एवं नागरिकों द्वारा उत्साह के साथ रक्तदान किया जाता है।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 25 को भूना में

फतेहाबाद। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 25 जनवरी को सुबह 11 बजे भूना अनाज मण्डी में नायक एकलव्य हेल्प एण्ड केयर फाउंडेशन भूना की तरफ से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। नायक एकलव्य हेल्प एण्ड केयर फाउंडेशन के संस्थापक फतेह सिंह ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध कवि एवं कवयित्री वीर रस कवि प्रीतम नायक हरियाणा, गजलकारा संपदा ठाकुर रांची, श्रृंगार कवयित्री अर्चना गोयल माही बहादुरगढ़, हास्य कवि डॉ. जयप्रकाश मिश्र गाजियाबाद, हास्य कवि शैल भदावरी दिल्ली, गीतकार जशवेन्द्र बुंदेला इंदौर, ओज कवि फोजी हाकिम सिंह राजस्थान विशेष रूप से पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका नगर पालिका प्रतिनिधि पंकज पसरीजा निभाएंगे। मंच गौरव अनाज मण्डी भूना के प्रधान फकीर चंद मितल, विशिष्ट अतिथि सज्जन कुमार गर्ग एवं मंच अध्यक्ष प्रोफेसर आरके कौशिक होंगे।

वास्तविक 'रियल लाइफ' को महत्व दें युवा

- शिविर में स्वयंसेवकों को नियमित योग करने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

युवाओं को सोशल मीडिया की दिखावटी 'रील लाइफ' की तुलना में वास्तविक 'रियल लाइफ' को महत्व देना चाहिए, जिससे वे आन्नदमय जीवनयापन व्यतीत कर सके। यह बात पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य योग सेवक मदन गोपाल आर्य ने आज राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कही।

योग का महत्व बताते हुए मदन गोपाल आर्य ने कहा कि रील्स अक्सर काल्पनिक होती हैं और इनसे मानसिक तनाव, असुरक्षा और आत्मसम्मान में कमी हो सकती है जबकि स्क्रीन के बाहर के रिश्तों, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और वास्तविक उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित करना एक संतुलित और खुशहाल जीवन के लिए आवश्यक है।

रील लाइफ में दिखाए जाने वाले एकदम सही जीवन को देखकर युवा हीन भावना महसूस करते हैं, जिसे छोडक़र वे वास्तविक दुनिया के संघर्षों का सामना बेहतर तरीके से कर सकते है। आर्य ने विद्यार्थियों से रील बनाने के लिए जान जोखिम में डालने की घटनाओं से बचनें का तथा रियल लाइफ के महत्व को समझने का आह्वान किया। इसके साथ उन्होंने स्वयं सेवको से हर प्रकार के नशे को छोडऩे व डिजिटल उपवास का संकल्प करवाया तथा सात्विक आहार ग्रहण करने का आह्वान किया।

ज्ञान, बुद्धि, संस्कारों के विकास का प्रतीक है सरस्वती पूजनः कोइराला

सिरसा। संस्कृत भारती हरियाणा न्यास, सिरसा इकाई की ओर से बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती पूजन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन संस्कृत भारती के जिला अध्यक्ष आचार्य द्रोणप्रसाद कोइराला के निवास स्थान पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या, वाणी और विवेक की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के विधिवत पूजन, पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर आचार्य द्रोणप्रसाद कोइराला ने सरस्वती पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पूजन ज्ञान, बुद्धि, सृजनशीलता और संस्कारों के विकास का प्रतीक है। बसंत पंचमी का पर्व जीवन में नवीनता, सकारात्मकता और बौद्धिक चेतना का संचार करता है।

युवाओं ने सीखा मानवता का पाठ

- गोपाल बंसल ने दिया रक्तदान का संदेश, कहा : सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, लक्ष्य निर्धारित कर, करे कड़ी मेहनत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

भट्टूकलां। जिला स्तरीय एनएसएस शिविर में गोपाल बंसल को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक।

मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित सात दिवसीय जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को सामाजिक सरोकारों और सेवा भावना के प्रति जागरूक किया गया। इस विशेष शिविर में फतेहाबाद जिले की सभी एनएसएस यूनिटों से आए चयनित स्वयंसेवक हिस्सा ले रहे हैं। शिविर के संध्याकालीन सत्र में खुशी नई उम्मीद संस्था के संयोजक एवं रक्तदाता मोटीवेटर गोपाल बंसल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। प्रत्येक बच्चे को अपने अलग से निर्धारित कर उसके लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए मेहनत और लगन से ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी मरते हुए व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने वैज्ञानिक तथ्यों के माध्यम से रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया और बताया कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान शरीर के लिए भी लाभकारी होता है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए हृस्स प्रोग्राम ऑफिसर मनजीत कुमार, रामविलास, सुधीर अजीत, सुखविंदर कौर और मंजू रानी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

फैमिली आईडी में गलत जानकारियां डाल कर गरीबों के राशन कार्ड काट रही बीजेपी सरकार

फतेहाबाद। फैमिली आईडी में गलत जानकारी डालने के कारण गरीबों के राशन कार्ड काटे जा रहे हैं। इस पर बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए इंडियन नेशनल लोकदल महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने कहा कि अब बीजेपी गरीबों के मुंह का निवाला भी उनसे छिन रही है। एक ओर जहां आज मिडिल क्लास के लोग भी रसोई के बजट का बोझ सहन करने में असमर्थ हैं वहीं गरीबी रेखा के नीचे आने वाले लोग, जिनको राशन कार्ड के द्वारा राशन मिलता है, वो कैसे राशन न मिलने पर अपना और अपने बच्चों का पेट भर पाएंगे।सुनैना चौटाला ने कहा कि बीजेपी ने जब सत्ता हासिल करनी थी तब पहले तो इन्हीं गरीब लोगों के वोट लेने के लिए बीपीएल कार्ड बना दिए, लेकिन अब पूरी तैयारी के साथ जानबूझकर फैमिली आईडी में नाम गलत लिख कर, आय ज्यादा दिखाने और अन्य गलत जानकारियां डाल के उन्हीं गरीब लोगों के बीपीएल कार्ड काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के इन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब लोगों की हालत यह है कि फैमिली आईडी में गलत जानकारियों को ठीक करवाने के लिए अपने अपने जिलों के सरल केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं है।

सीडीएलयू में कचरा प्रबंधन को लेकर हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा। कचरा प्रबंधन को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर कर करार करते हुए।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में ठोस कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को लेकर विश्वविद्यालय और पूजा वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड रोहतक के बीच सांझा करार पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 के तहत किया गया है।

इस समझौते के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में उत्पन्न कचरे का संग्रहण, परिवहन, प्रसंस्करण एवं निपटान वैज्ञानिक विधि से किया जाएगा, जिससे परिसर को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाया जा सके। सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह पहल सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने समझौता करार पत्र पर हस्ताक्षर किए। पूजा वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, की तरफ से संदीप इस मौके पर उपस्थित थे। यह समझौता प्रारंभिक रूप से तीन वर्षों के लिए मान्य रहेगा, जिसे कार्य निष्पादन के आधार पर आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है।

आरटीओ के नाम से आ रहे फर्जी चालानों से रहें सतर्क

फतेहाबाद। पुलिस द्वारा आमजन को आरटीओ यानि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के नाम से आ रहे फर्जी चालान, साइबर ठगी मैसेज और कॉल को लेकर एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसे किसी भी संदेश या कॉल से सतर्क रहें, जो आरटीओ या ट्रैफिक पुलिस के नाम पर भेजा जा रहा हो।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हाल के दिनों में जिले में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें साइबर ठगों द्वारा वाहन मालिकों को स्नूस, व्हाट्सएप मैसेज या फोन कॉल कर यह कहा जा रहा है कि उनके वाहन का ट्रैफिक चालान लंबित है। इन संदेशों में एक लिंक भेजा जाता है और डराने वाली भाषा का इस्तेमाल करते हुए तुरंत भुगतान करने को कहा जाता है। जैसे ही व्यक्ति उस लिंक पर क्लिक करता है, उससे बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी या यूपीआई पिन हासिल कर ठगी कर ली जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरटीओ या ट्रैफिक पुलिस कभी भी व्यक्तिगत मोबाइल नंबर से चालान भुगतान के लिए लिंक नहीं भेजती, न ही किसी से ओटीपी, बैंक डिटेल या यूपीआई पिन की मांग करती है। इस प्रकार के सभी मैसेज और कॉल पूरी तरह फर्जी होते हैं और इनका उद्देश्य केवल लोगों को ठगना होता है।

कार्यक्रम | बोस का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रता, स्वाभिमान और बलिदान को समर्पित रहा

युवा राष्ट्र निर्माण के लिए बोस के जीवन से लें प्रेरणा

पराक्रम दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनायी गई नेताजी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

देश की आजादी के महानायक, आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं अद्वितीय राष्ट्रभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को प्रशासन द्वारा पराक्रम दिवस के रूप में पूरे सम्मान, श्रद्धा और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार ने लघु सचिवालय स्थित शहीदी स्मारक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपनिदेशक अमित पंवार ने नेताजी के जीवन एवं संघर्षों को याद करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रता, स्वाभिमान और बलिदान को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि नेताजी का 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' जैसा ओजस्वी नारा आज भी देशवासियों में ऊर्जा, साहस और राष्ट्रप्रेम का संचार करता है। उन्होंने युवाओं से नेताजी के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। पराक्रम दिवस के अवसर पर हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नागरिकों को योग के महत्व से अवगत करवाने तथा स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ. भारती चौहान ने योग को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर योग स्पेशलिस्ट अंबिका पांटा, आयुष योग सहायक ज्योति, एलिस, सोनू, शारदा, कविता, पवन, मनोज, सुरेंद्र सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, योग प्रशिक्षक एवं योग साधक उपस्थित रहे।

फतेहाबाद। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को नमन करते अधिकारी व कर्मचारी।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोतः वर्मा

सिरसा। जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि देश की आजादी में नेताजी सुभाषचंद्र बोस का अहम योगदान है और वे आज भी समूचे देशवासियों के प्रेरणास्रोत हैं। अशोक व र्मा शुक्रवार को स्थानीय सुभाष चौक पर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके देश के प्रति दिए गए उनके योगदान को याद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक देशवासी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए कि उन्होंने देश की आजादी के लिए किस प्रकार संघर्ष किया और राष्ट्र की स्वाधीनता के लिए एक मजबूत नींव रखी। वहीं जेजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रधान महासचिव राधेश्याम शर्मा ने भी नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में जिस प्रकार उन्होंने देशवासियों में जोश भरा और आजाद हिंद फौज की स्थापना कर देश को आजाद करवाया, उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता।

बोस जयंती पर हुआ जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

सिरसा। आयुष विभाग द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर सूर्य नमस्कार अभियान-2026 के अंतर्गत सीएम के नेशनल पीजी महाविद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला योग समन्वयक डॉ. सुरेंद्रपाल नागर ने विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को सूर्य नमस्कार की तकनीकी जानकारी देते हुए विधिवत सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। उन्होंने सूर्य नमस्कार के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्यातिथि रामकृष्ण खोथ ने महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया तथा सूर्य नमस्कार को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। प्रिंसिपल रंजना ग्रोवर ने योग के महत्व को बताते हुए इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। वहीं योग क्लब की प्रधान दीपिका शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वालों की सराहना की।

मां सरस्वती की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना, पीले वस्त्रों में सजे नन्हें-मुन्नों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

जिलेभर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का त्योहार

इस अवसर पर विशेष यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सुंदर नगर स्थित आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को को वसंत पंचमी का पर्व बड़े ही उत्साह और धार्मिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विशेष यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्तियों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ के ब्रह्मा पुरोहित दीपक शास्त्री ने पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। श्रद्धालुओं ने विश्व शांति और समाज कल्याण की कामना के साथ पवित्र अग्नि में आहुतियां अर्पित कीं।

सत्संग के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए दीपक शास्त्री ने कहा, वसंत पंचमी प्रकृति के नव-श्रृंगार और उत्साह का प्रतीक है। यह दिन वसंत ऋतु के आगमन का संकेत देता है जब प्रकृति फिर से खिल उठती है और वातावरण में नया उत्साह भर जाता है उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में इस दिन संगीत का विशेष महत्व है, क्योंकि संगीत आत्मा को आनंदित करने का सबसे उत्तम साधन है। उन्होंने वसंत उत्सव को काव्य और संगीत कला की उन्नति का अवसर बताते हुए लोगों से अपने जीवन को यज्ञीय संस्कारों और सकारात्मकता से जोडऩे का आह्वान किया। विद्या और बुद्धि की कामना हवन के दौरान विशेष रूप से विद्या की देवी मां सरस्वती का स्मरण करते हुए छात्रों और समाज के लिए विद्या एवं सद्बुद्धि की प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने जोर दिया कि ऐसे आयोजनों से समाज में सुख-शांति और आपसी भाईचारे का प्रसार होता है। इस धार्मिक कार्यक्रम में आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान आर्य अरुण ग्रोवर, पायनियर स्कूल के संचालक विजय निर्मोही, मास्टर रोशन लाल गोदारा, मास्टर राजेश मेहता एवं मास्टर रमेश कुमार सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

फतेहाबाद। आर्य समाज मंदिर में वसंत पंचमी पर हवन में भाग लेते श्रद्धालु।

फतेहाबाद। पॉयनियर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

फतेहाबाद। बसंत पंचमी पर क्रेसंट स्कूल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

क्रेसंट स्कूल में बसंत पंचमी पर बही ज्ञान की ज्योति और भक्ति बयार

फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में ज्ञान, रचनात्मकता, वसंत के आगमन एवं देवी सरस्वती की पूजा थीम पर आधारित बसंत पंचमी का पावन पर्व पूरे श्रद्धा, उत्साह एवं आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनाया गया। विद्या, विवेक एवं नवचेतना के इस शुभ अवसर पर बसंत पंचमी के महत्व को उजागर करने हेतु एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । प्रार्थना सभा का सुचारु एवं आत्मविश्वासपूर्ण संचालन कीर्ति, रिया एवं अश्मित द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंशप्रीत द्वारा प्रस्तुत सरस्वती नमस्तुभ्यं वरदे कामरूपिणि पवित्र श्लोक के सस्वर एवं भावपूर्ण पाठ से हुआ। सोनाक्षी एवं मनन ने अपने-अपने प्रभावशाली भाषण के माध्यम से बसंत पंचमी के ऐतिहासिक महत्व, शिक्षा के क्षेत्र में माँ सरस्वती की अमूल्य भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, सृजनात्मकता एवं सकारात्मक सोच का प्रतीक है। आयुषी, काव्या एवं राधिका ने 'पीले आंचल में सजी धारा मुस्काए, सरसों के खेतों में खुशबू लहराए', 'कलम और पुस्तक लेकर आएं ,वीणा वादिनी को शीश झुकाएं, अंधियारे को दूर भगाएं' मनोहारी कविताओं का सस्वर वाचन करते हुए बसंत ऋतु की सुंदरता, प्रकृति की हरियाली, खिले हुए फूलों एवं जीवन में नई आशाओं के संचार का अत्यंत सजीव चित्रण किया। तिमांशी, हरियंश एवं उत्कर्ष द्वारा प्रस्तुत सरस्वती का हंस हमें सिखाता है कि सूचनाओं के समुद्र में से केवल काम की एवं सच्ची जानकारी को ही ग्रहण करना चाहिए।

पायनियर कॉन्वेंट स्कूल में बसंत पंचमी के पर्व पर बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

फतेहाबाद। पायनियर कॉन्वेंट स्कूल परिसर में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने बच्चे पीले रंग की पोशाक में सजे-धजे विद्यालय आए। बच्चों द्वारा पीले रंग के भोजन लाए गए और सभी ने मिलकर आनंदपूर्वक लंच पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा व आराधना से हुई, जिसमें बच्चों व शिक्षकों ने श्रद्धा भाव से भाग लिया। इसके पश्चात बच्चों के लिए पतंग उड़ाने की गतिविधि आयोजित की गई, जिससे वे इस पर्व की परंपरा से परिचित हुए। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर व प्रधानाचार्या ने बच्चों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य, ज्ञान और संस्कारों से परिपूर्ण जीवन की कामना की। प्रबंधन सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और उत्सवों के प्रति सम्मान व समझ विकसित करते हैं। शिक्षकों ने बच्चों को बसंत पंचमी के महत्व, ऋतु परिवर्तन तथा ज्ञान व विद्या के संदेश के बारे में सरल शब्दों में जानकारी दी। यह आयोजन बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ अत्यंत आनंददायक भी रहा।

दयानंद स्कूल में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई बसंत पंचमी

- मां सरस्वती की पूजा अर्चना, हवन-यज्ञ में मंत्रोच्चारण से गूंजा परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

विद्या की देवी मां सरस्वती का पावन पर्व 'बसंत पंचमी' का पर्व दयानंद हाई स्कूल में एक नई पहल और भारी उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त स्टाफ ने आहुति डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शिक्षा के उजियारे की मंगल कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित मोहन दास शर्मा द्वारा विधि-विधान और शुद्ध मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हवन यज्ञ से हुई। स्कूल के डायरेक्टर नवीन बिंदल और प्राचार्या एडवोकेट पूजा बिंदल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर भक्ति के रस में सराबोर नजर आया और सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य तथा बेहतर बुद्धि-विवेक के लिए प्रार्थना की। अभिभावकों और स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए डायरेक्टर नवीन बिंदल ने कहा, बसंत पंचमी केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि ज्ञान और नई ऊर्जा के संचार का उत्सव है। हमारा लक्ष्य है कि विद्यार्थी न केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करें, बल्कि अपनी संस्कृति और संस्कारों से भी जुड़ें।

भट्टूकलां। बसंत पंचमी पर आयोजित हवन में आहूति डालते स्कूल प्रबंधक।

श्री सनातन धर्म सभा मंदिर में मनाया बसंत पंचमी पर्व

सिरसा। श्री सनातन धर्म सभा मंदिर एवं श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में बसंत पंचमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंदिर प्रांगण में मां शारदा की पूजा अर्चना की गई। तदुपरांत महाविद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना के साथ-साथ विभिन्न प्रस्तुतियां पेश की खूब वाहवाही लूटी। महाविद्यालय के प्रधान एडवोकेट सुरेंद्र बंसल ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं देश व जिले में खुशहाली धन-धान्य से भरपूर होने की कामना की। इस मौके पर मंदिर सभा के अध्यक्ष अशोक तलवाडिया, एडवोकेट केके शर्मा, समिति सदस्य महेश भारती, बजरंग पारीक प्रबंधक, प्राचार्य गणेश शंकर, आचार्या पुष्पा एवं कोरियोग्राफर रिद्धि लोहिया मौजूद थे।

बसंत पंचमी पर श्री ब्राह्मण धर्मशाला के प्रथम तल व कमरों का उद्घाटन

- पूर्व विधायक दुड़ाराम व प्रमुख समाजसेवी देवी दयाल तायल ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री ब्राह्मण सभा द्वारा जगजीवनपुरा रोड पर संचालित श्री ब्राह्मण धर्मशाला के प्रथम तल एवं पांच कमरों का उद्घाटन समारोह आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक दुड़ाराम, प्रमुख समाजसेवी देवी दयाल तायल, पंडित चरणजीत शर्मा एवं भंडारे वाला बाबा ने शिरकत की। श्री ब्राह्मण सभा फतेहाबाद के प्रधान रामनिवास शर्मा ने सभी पदाधिकारियों के साथ अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। मुख्य अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से धर्मशाला के प्रथम तल व कमरों का उद्घाटन किया गया तथा सभा को इस जनसेवा कार्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान श्री हरिनाम संकीर्तन मंडल ट्रस्ट फतेहाबाद द्वारा बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में भजन-कीर्तन किया गया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव समाज को दिशा देने का कार्य किया है। धर्मशालाएं केवल भवन नहीं होतीं, बल्कि ये सेवा, संस्कार और संस्कृति के केंद्र होती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी का जीवन त्याग, धर्म और न्याय का प्रतीक है, जिनसे हमें समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है। ऐसे निर्माण कार्य समाज की एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि समाजसेवा का कार्य बिना किसी भेदभाव के होना चाहिए। ब्राह्मण सभा द्वारा किया गया यह प्रयास आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। प्रमुख समाजसेवी देवी दयाल तायल ने कहा कि भगवान परशुराम ने समाज को धर्म, सत्य और सेवा का मार्ग दिखाया। उनके आदर्शों पर चलकर किया गया हर कार्य समाज के लिए कल्याणकारी होता है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना चाहिए।

फतेहाबाद। धर्मशाला के प्रथम तल व कमरों का उद्घाटन करते अतिथिगण।

खबर संक्षेप

हेरोइन तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर पकड़ा

फतेहाबाद। नशा तस्करों के साथ सप्लायरों की धरपकड़ करते हुए भूना पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान संजय पुत्र रमेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 5, भुना के रूप में हुई है। इस मामले में इससे पहले एक अन्य आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि 27 नवंबर 2025 को एएसआई प्रेम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा भुना-फतेहाबाद रोड पर मन्नत होटल के पास गश्त के दौरान सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई थी।

एएनसी सेल ने हेरोइन सहित युवक को पकड़ा

फतेहाबाद। नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए एएनसी सेल फतेहाबाद पुलिस की टीम ने हिसार के एक युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान अमन उर्फ सेठी पुत्र प्रेम कुमार निवासी राजीव नगर, हिसार के रूप में हुई है। एएनसी सेल प्रभारी निरीक्षक यादवेंद्र ने बताया कि रतिया-बाईपास टी-प्वाइंट पर गश्त के दौरान पुलिस की गाड़ी देखकर युवक घबरा गया और तेज कदमों से जाने लगा। शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली गई, जिसमें आरोपी की जेब से 6.68 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

मंदिर से चांदी के छत्र चुराने का आरोपी पकड़ा

फतेहाबाद। गांव जांडली कला स्थित बाबा काशीगिरी मंदिर में हुई चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना भूना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान रवि कुमार उर्फ जावा पुत्र जगदीश निवासी भट्टू के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि थाना भूना में शिकायत प्राप्त हुई थी।

मांगों को लेकर फतेहाबाद में बिजली कर्मचारियों ने की भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, उच्च न्यायालय के फैसले अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, एक्सग्रेशिया पॉलिसी संशोधित करने व अन्य मांगो को लेकर बिजली कर्मचारियों ने आल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर फतेहाबाद में भूख हड़ताल की। सुबह 11 बजे से 4 बजे तक दिए गए धरने में बिजली कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। धरने की अध्यक्षता यूनिट प्रधान अमित शर्मा ने की व संचालन यूनिट सचिव रामनिवास शर्मा ने किया। राज्य कमेटी की तरफ से पहुंचे सर्कल सचिव भूप सिंह भड़ोलावाली ने यूनिट के 10 पदाधिकारियों को माला पहनाकर भूख हड़ताल पर बैठाया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, श्रम कानूनों को बदलने, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को निजी हाथों में न देने, जनसंख्या के आधार पर सभी विभागों में पद सृजित करके पक्की भर्ती करने व पब्लिक सैक्टर को बचाने सहित अन्य मांगों को लेकर 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। इस हड़ताल में भी बिजली कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। आज की भूख हड़ताल में अमित शर्मा, रामनिवास शर्मा, प्रेम वर्मा, पवन कड़वा, मुकेश पोहल, मलकीत, विजेन्द्र, धर्मपाल, विनोद सैनी, सुशील व सुरेश कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर सभी सब यूनिटों के पदाधिकारी व बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

फतेहाबाद। मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे बिजली कर्मचारी।

सरकार पर लगाया अनदेखी काआरोप

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान अमित शर्मा व सचिव रामनिवास शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 29 जनवरी को एसई कार्यालय पर भूख हड़ताल करेंगे। इसके बाद भी अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 9 फरवरी को हिसार में चीफ इंजीनियर कार्यालय पर पड़ाव डालते हुए भूख हड़ताल की जाएगी।

बाइक चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए युवक की पहचान करण सिंह पुत्र गुरदेव सिंह निवासी पहारपुर, थाना सिवान, कैथल के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इससे पहले इसी मामले में तीन अन्य आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 3 अक्टूबर 2024 को प्रवीन खान निवासी गीला वाली ढाणी, टोहाना ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मोटरसाइकिल नरवाना रोड, बिजली घर के पास खड़ी थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। प्रार्थी ने बताया कि मोटरसाइकिल के साथ उसके कागजात भी चोरी हो गए थे। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज किया और इस मामले में अब तक चार युवकों को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है।

नशा छोड़ चुके चार युवकों को एसपी ने योद्धा की उपाधि से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नशा स्वस्थ समाज के लिए एक अभिशाप है, जोकि एक गंभीर चिंता का विषय है। समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को दृढ़ संकल्प लेना होगा तभी हम सिरसा को पूर्ण रुप से नशा मुक्त कर पाएंगे। यह बात एसपी दीपक सहारण ने शुक्रवार को सरस्वती सेवा समिति द्वारा रामलीला ग्राऊंड नहरू पार्क आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यह प्रण लेना होगा कि न तो व स्वयं नशा करेगा और न ही अपने आस-पास के लोगों को नशा करने देगा। एसपी ने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा खेलों में लगाएं तथा बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप तथा इलाके का नाम रोशन करें। नशे के खिलाफ चलाए जा रही मुहिम में आमजन आगे आकर अग्रणी भूमिका निभाए तथा और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि नशा को समाज से पूरी तरह से नष्ट किया जा सके। जब समाज का प्रत्येक नागरिक अपनी गली, मोहल्ले तथा गांव की संपूर्ण जिम्मेवारी लेगा तभी हम इस मुहिम में पूरी तरह से कामयाब होंगे। सिरसा पुलिस की मुहिम से प्रभावित होकर नशा छोड़ चुके चार योद्धाओं को पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया। कहा कि नशे की गिरफ्त में आया युवा न केवल अपना भविष्य बर्बाद करता है, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी पीड़ा का कारण बनता है । इन योद्धाओं ने नशे को छोडक़र जीवन की नई शुरुआत की है।

सिरसा। नेहरू पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी दीपक सहारण।

नशे के दल-दल में फंस कर तौबा करना काफी जटिल

एसपी ने कहा कि नशे के दल-दल में फस कर नशे से तौबा करना काफी जटिल होता है, लेकिन इन योद्धाओं ने दृढ़ इच्छाशक्ति से नशे पर पूर्ण रूप से काबू पाकर समाज में साकारात्मक संदेश दिया है, इसलिए ये योद्धाओं समाज के असली हीरो है,जिन्होंने समाज में युवाओं को नशा न करने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल किसी एक व्यक्ति या परिवार की समस्या नहीं है,बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करने वाली गंभीर चुनौती है।

रथ सप्तमी 25 को, दान और पुण्य का विशेष महत्व

सूर्य देव की उपासना करने से मिलेगी सुख-समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

रथ सप्तमी का पर्व सूर्य जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष रथ सप्तमी 25 जनवरी को है। इस दिन सूर्यदेव सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर प्रकट हुए थे। इसलिए इस सप्तमी तिथि को रथ सप्तमी के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव को जल अर्पित कर उनकी विधि पूर्वक पूजा और दान-पुण्य करने से आरोग्य, धन और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा के अनुसार हिंदू धर्म में भगवान सूर्य को प्रमुख देवता माना जाता है। यह दिन सूर्य देव के जन्म का प्रतीक है। इसलिए इस दिन को सूर्य जयंती के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन से हमारा देश हर साल अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होता है। सूर्य देव की उत्पत्ति से पहले सारा संसार अंधकार में डूबा हुआ था। पुराणों में सूर्य को आरोग्यदायक कहा गया है और सूर्य की उपासना से रोग मुक्ति का मार्ग भी बताया गया है। सूर्य की किरणों के साथ हमारे शरीर की रासायनिक प्रतिक्रिया होती है और हम स्वस्थ हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि माघ का महीना चल रहा है, यह माह भी सूर्य देव की उपासना के लिए बहुत विशेष माना जाता है। रथ सप्तमी पर्व माघ मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के दिन मनाया जाता है। पंडित सोनू शर्मा के अनुसार रथ सप्तमी के दिन उगते हुए सूर्य को अघ्र्य देने का विधान है। इस साल रथ सप्तमी पर सूर्योदय 7 बजकर 13 मिनट पर होगा। वहीं, रथ सप्तमी के दिन पवित्र नदी में स्नान भी किया जाता है।

24 को रात 12 बजकर 39 मिनट से होगी शुरू

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल माघ शुक्ल सप्तमी तिथि 24 जनवरी को रात 12 बजकर 39 मिनट पर शुरू हो रही है। इस तिथि का समापन 25 जनवरी को रात 11 बजकर 10 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार 25 जनवरी को रथ सप्तमी का पर्व मनाया जाएगा।

रथ सप्तमी पूजा की विधि

- रथ सप्तमी के दिन सुबह शुभमुहूर्त में स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें।
- फिर तांबे के पात्र में जल, रोली, अक्षत, लाल फूल और जल लें।
- सूर्य देव के मंत्रों का जप करते हुए जल का अर्घ्य दें।
- सूर्य चालीसा का पाठ करें।

बाइक चोरी का मामला सुलझा पुलिस ने आरोपी को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने वर्ष 2018 में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के एक पुराने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है।

काबू किए गए आरोपी की पहचान जगदीप सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र गुरदेव सिंह निवासी बैंक वाली गली, चिम्मो हैड, तहसील रतिया, जिला फतेहाबाद, हाल निवासी वेदवाला, सिरसा के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि वर्ष 2018 में बस अड्डा चौकी क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता विक्रम सिंह पुत्र कृष्ण लाल निवासी गांव ढाणी चबला मोरी, जिला फतेहाबाद ने बताया था कि 21 जनवरी 2018 की रात उसने अपनी हीरो कंपनी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को पपीहा पार्क के बाहर ताला लगाकर खड़ा किया था, जो कुछ समय पश्चात मौके से चोरी हो गई। शिकायत के आधार पर थाना शहर फतेहाबाद में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने 8 साल बाद आरोपी को काबू किया तथा उसके कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस की कार्रवाई चोरों में हड़कंप मचा है।